प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 19.08.2025

मुख्य समाचारः—

- कल होगा राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार—नये मंत्रियों को कल सुबह साढ़े दस बजे राज्यपाल दिलाएंगे शपथ।

- राज्य सरकार ने प्रदेश के अधिकारियों—कर्मचारियों का महंगाई भत्ता दो प्रतिशत बढ़ाया।

- कोंडागांव जिले में चार माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

- मौसम विभाग ने दक्षिण बस्तर में भारी से अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी।

राज्य मंत्रिमंडल सदस्य—शपथ ग्रहण

राज्य मंत्रिमंडल का कल विस्तार होगा। मंत्रिमंडल के नये सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह कल सुबह साढ़े दस बजे राजभवन में आयोजित किया गया है। राज्यपाल रमेन डेका नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

मंत्रिमंडल बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि नवा रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए नब्बे एकड़ भूखंड को रियायती दर पर आबंटित किया जाएगा।

वहीं, मंत्रिपरिषद ने राज्य के अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में रहने वाले अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हर महीने वितरित किए जाने वाले चने की आवश्यक मात्रा नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा एन.ई.एम.एल. ई–ऑक्शन प्लेटफार्म के माध्यम से खरीदने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जुलाई से नवंबर तक जिन हितग्राहियों ने चना नहीं लिया है, उन्हें पात्रतानुसार दिसंबर महीने तक दो किलो चने का वितरण किया जाएगा।

महंगाई भत्ता

छत्तीसगढ़ के अधिकारी–कर्मचारियों को भी अब केंद्र सरकार के अधिकारियों–कर्मचारियों के बराबर महंगाई भत्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य शासन ने प्रदेश के अधिकारी–कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करते हुए इसे पचपन प्रतिशत कर दिया है।

पीएम ग्राम सड़क योजना–राशि

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छत्तीसगढ़ में सड़कों के निर्माण के लिए ढाई सौ करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह राशि वित्त मंत्रालय की "जस्ट–इन–टाइम" फंडिंग व्यवस्था के तहत सिंगल नोडल एजेंसी स्पर्श मॉडल से जारी की है। मंत्रालय ने

छत्तीसगढ़ सरकार से इस राशि का उपयोग सुनिश्चित करने को कहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अब तक छत्तीसगढ़ को एक हजार एक सौ चार करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि इस वर्ष तीन अक्टूबर से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की जाएगी। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने कहा कि यह अभियान अट्ठारह अक्टूबर तक चलेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने और सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

हमने ये तय कि हैं कि अब वैज्ञानिक शोध लैब में अपने मन से नहीं करेंगे, जो किसान की समस्या है उसके आधार पर शोध किया जायेगा। ऐसे शोध के पांच सौ विषय हमने तय किये हैं और तीन सौ नवाचार किसानों ने भी किये हैं। उन नवाचारों को भी वैज्ञानिक स्वरूप दे के हम किसानों को लाभ पहुचाएंगे।

आदि कर्मयोगी अभियान

केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आज केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बस्तर और सरगुजा संभागों के मास्टर ट्रेनरों के लिए दूसरे चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए और उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर राज्य के आदिवासी कल्याण मंत्री रामविचार नेताम और आदिवासी कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा भी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय खेल दिवस–कार्यक्रम

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उनतीस से इकतीस अगस्त तक देशभर में खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आज केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी राज्यों के खेल मंत्रियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

इस मौके पर खेल मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी स्कूल, कॉलेज और बड़े स्टेडियम में भी खेल गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 'संडे ऑन साईकल' अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें आम नागरिक और खिलाड़ी शामिल होंगे।

आरटीई–लॉटरी

शिक्षा का अधिकार अधिनियम–आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आज नवा रायपुर स्थित लोक शिक्षण संचालनालय में तीसरे चरण की लॉटरी निकाली गई। इसमें एक हजार पांच छात्रों का चयन किया गया है। तीसरे चरण के लिए तीस हजार सात सौ अड़सठ आवेदन प्राप्त हुए थे। आरटीई के अंतर्गत चयनित छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है, जो उनतीस अगस्त तक चलेगी।

माओवादी आत्मसमर्पण

कोंडागांव जिले में आज एक माओवादी दंपत्ति सहित चार माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने बताया कि इन सभी माओवादियों पर कुल बाईस लाख रूपये का इनाम घोषित था।

इन माओवादियों पर सुरक्षा बलों पर फायरिंग करने, हत्या, लूटपाट, शासकीय भवन को नुकसान पहुंचाने जैसी विभिन्न घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को राज्य सरकार की नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

लोकसभा–स्वयं सहायता समूह

छत्तीसगढ़ में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। आज लोकसभा में सांसद भोजराज नाग और अन्य सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री डॉक्टर चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि सरकार ने स्वयं सहायता समूह के कारोबार को आसान बनाने, बाजार तक पहुंचाने और उन्नत प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए ठोस पहल की है।

सैनिक बोर्ड कार्यालय–स्वास्थ्य शिविर

रायपुर स्थित राज्य सैनिक बोर्ड कार्यालय में कल वीर माताओं और पूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया (कोसा) द्वारा आयोजित इस शिविर में कोसा के कमांडर ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा द्वारा वीर नारियों और वीर माताओं का सम्मान किया जाएगा।

समारोह के मुख्य अतिथि गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ होंगे।

## रेडियो श्रोता दिवस

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल बीस अगस्त को ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा रेडियो श्रोता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर

रायपुर में रेडियो श्रोताओं के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज करेंगे। वहीं, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ जोन के मैनेजिंग डायरेक्टर महेन्द्र मोदी होंगे।

## मौसम

मौसम विभाग ने बीजापुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद और राजनांदगांव जिलों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि दक्षिण बस्तर के लिए भारी से अति भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार एक अवदाब दक्षिणी ओडिशा के अंदरूनी भाग में बना हुआ है। इसके उत्तर–पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर स्थित है। इन दोनों के प्रभाव से प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

- शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को आज एक बार पुनः विशेष न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने चैतन्य बघेल को पांच दिन की कस्टोडियल रिमांड पर ईडी को सौंपा है।

- बिलासपुर में अब से कुछ देर में एकलव्य आवासीय विद्यालयों की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू हो रही है। बहतराई स्टेडियम में आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। इस प्रतियोगिता में राज्यभर के एकलव्य विद्यालयों के करीब दो हजार खिलाड़ी भाग लेंगे।

<><><><><><><>